एक नजर में

## अनेक पौराणिक गाथाओं से जुड़े हुए हैं नर्मदा के तट



**इंदौर .** सनातन धर्म में प्रदर्शन नहीं, दर्शन को प्राथमिकता मिली हुई है . माँ नर्मदा के तट का प्रत्येक हिस्सा ऋषि, मुनियों और देवताओं की तपश्चर्या से इतना घिरा हुआ है कि यदि राई का एक दाना वहां फेंका जाए तो वह किसी तपस्वी के कमंडल में ही गिरेगा . नर्मदा के तट पर कुबेर से लेकर इंद्र और बुध से लेकर राहु-केतू भी तपस्या करते हैं . राजा बलि और वामन अवतार का प्रसंग जबलपुर के भेडाघाट का है। नर्मदा के उत्तर और दक्षिण तट अनेक पौराणिक गाथाओं से जुड़े हुए हैं जहाँ आज भी माँ भगवती की जीवंत लीलाएँ होती हैं। ये विचार हैं नर्मदा परिक्रमावासी आचार्य पं . रविकांत शास्त्री के, जो उन्होंने खजराना गणेश मन्दिर स्थित सत्संग सभागृह पर अ .भा . दादा गुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की मेजबानी में चल रहे नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ में रविवार को नर्मदा तट के तीर्थों का वर्णन करते हुए व्यक्त किए . कथा में रविवार को तपोनिष्ठ संत और पिछले 2033 दिनों से केवल माँ नर्मदा के जल पर आश्रित रहने वाले दादागुरु भगवान का आगमन हुआ . अ .भा . दादागुरु परिवार की ओर से समाजसेवी राजेंद्र बंसल, नित्यम बंसल, विधायक गोलू शुक्ला, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, देवांग शर्मा, गोपाल अग्रवाल, शिव जिंदल, राजेश गर्ग, अमित जिंदल, राजेश्वरी शर्मा, इधिका बंसल, प्रेरणा बंसल, ज्योति बंसल, ज्योति अग्रवाल आदि ने उनकी अगवानी की . दादागुरु सोमवार 11 मई को भी कथा में विराजित रहेंगे और ज्ञान यज्ञ के पहले दिन निकली वृक्ष कलश यात्रा में शामिल मातृशक्ति को अपने सानिध्य में पौधे भेंटकर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का सन्देश देंगे . इसके पूर्व कथा शुभारंभ प्रसंग पर राजू बंसल, कैलाश बंसल, राजेश शर्मा, नवीन मेहता (बीसीएम), गोपाल अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, हर्ष जैन, विनोद गोयल, उमेश अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल आदि ने व्यास पीठ एवं नर्मदा पुराण ग्रन्थ का पूजन किया।

## अधिकमास की चतुर्थी के उजमन महोत्सव की तैयारियां शुरू



**इंदौर .** श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ की मेजबानी में पुरुषोत्तम मास की चतुर्थी के उजमन का आयोजन 3 जून को किया जाएगा . इसकी तैयारियों के लिए रविवार को महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल, अध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं महामंत्री विष्णु गोयल के मार्गदर्शन में महिला समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि 31 महिलाओं के चतुर्थी व्रत का उजमन महोत्सव हवा बंगला कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम के पास तिरुमनी ग्रीन्स गार्डन पर आयोजित होगा . बैठक में अनिता ऐरन, मुक्ति अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, सोनिया गर्ग, शालिनी मोदी, रीना अग्रवाल, प्रीति गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महासंघ से जुडी महिलाओं ने शामिल होकर अपने सुझाव दिए . यह निर्णय भी लिया गया कि उजमन महोत्सव में शामिल प्रत्येक महिला को अपने मेहमानों के लिए भोजन के 16 पास और 14 उपहार दिए जाएँगे . महोत्सव में बेस्ट ड्रेसअप, गेम्स एवं तम्बोला की व्यवस्था भी रखी गई है . उत्सव में भाग लेने वाली महिलाओं से आग्रह किया गया है कि वे विस्तृत जानकारी के लिए अनिता ऐरन, मुक्ति अग्रवाल एवं रेखा अग्रवाल से सम्पर्क कर सकती हैं .

## नारकोटिक्स विंग ने छात्रों को किया सम्मानित



**इंदौर .** नशामुक्त भारत अभियान के तहत नारकोटिक्स विंग इंदौर ने एपीजे अब्दुल कलाम हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया . इस दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई . कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्राओं को शील्ड, प्रशंसा पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया . नारकोटिक्स विंग के अधिकारियों ने सभागार में मौजूद सभी लोगों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया . साथ ही नशे के खिलाफ जागरूक रहकर परिवार, समाज और देश को सुरक्षित रखने का संदेश दिया . अधिकारियों ने यह भी बताया कि नशे के शिकार लोगों को मनोचिकित्सकों और विशेषज्ञों की मदद से परामर्श दिलाकर नशा मुक्ति केंद्र में उपचार कराया जा सकता है . कार्यक्रम में करीब 700 छात्र छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक और स्टाफ शामिल हुए . कार्यक्रम में नारकोटिक्स विंग मध्यप्रदेश पुलिस की ओर से उप पुलिस अधीक्षक संतोष हाड़ा और उपनिरीक्षक अजय कुमार शर्मा मौजूद रहे .

## हरिधाम पर हनुमत महायज्ञ के लिए यज्ञशाला का निर्माण शुरू



**इंदौर .** कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर होने वाले पंचकुंडीय श्रीहनुमत महायज्ञ, श्रीराम कथा एवं विशाल भंडारे के दिव्य अनुष्ठान के लिए आश्रम परिसर में करीब 2 हजार वर्गफीट मैदान में यज्ञशाला के निर्माण कार्य का रविवार को महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में समाजसेवी विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, गोपाल गोयल के आतिथ्य में आश्रम परिवार के सदस्यों और अनुष्ठान से जुड़े भक्तों ने अवलोकन किया . हरिधाम पर पहली बार 51 विद्वान हनुमत महायज्ञ जैसा दिव्य अनुष्ठान करेंगे . यहाँ 22 से 29 मई तक प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आहुतियाँ समर्पित की जाएंगी . आश्रम परिवार के प्रमुख डॉ . सुरेश चोपड़ा, मुकेश जैन एवं सुधीर अग्रवाल ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में हरिधाम पर इस वर्ष 3 दिव्य अनुष्ठान होने जा रहे हैं, इनमें सबसे बड़ा और दिव्य आयोजन हनुमान महायज्ञ का होगा . महायज्ञ के लिए 45*45 क्षेत्र में पंचकुंडीय यज्ञशाला का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है . रविवार को शहर के प्रमुख समाजसेवी विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं यजमान समूह के संजय अग्रवाल, सीताराम नरेडी, विजय सिंह राणा, ओमप्रकाश अग्रवाल, राजेंद्र गर्ग समर्पण सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने यज्ञशाला का अवलोकन कर तैयारियों पर विचार मंथन किया .

## भगवान राम ने माता- पिता की आज्ञा का पालन किया

**इंदौर .** विजय नगर स्थित शारदा मठ स्कूल में आयोजित 15 दिवसीय हल्ला - गुल्ला बाल प्रशिक्षण शिविर में रंगकर्मी तपन मुकर्जी, वरुण जोशी के साथ शिक्षाविद्ध सीमा व्यास बच्चों को रोजाना प्रशिक्षण दे रहे हैं . शिविर में बच्चों को नाट्य कला के साथ- साथ अभिनय और कला की बारीकिया भी बताई जा रही है ।शिविर में पत्रकार विवेक अष्ठाना ने बच्चों से चर्चा की . उन्होंने श्रीराम के जीवन की घटनाओ के माध्यम से उनके गुणों को बताया . उन्होंने कहा कि श्रीरामजी में 16 गुण थे,तभी वे राम से भगवान राम बने . वे आज्ञाकारी थे।उन्होंने अपने माता -पिता और गुरु की आज्ञा सदा मानी चाहे उन्हें 14 साल का वनवास भोगना पड़ा . प्रवीण जोशी ने बताया कि हल्ला -गुल्ला शिविर में विभिन्न वय के 50 से अधिक बच्चे भाग ले रहे है . शिविर का समन्वय शिल्पा कर रही है . शिविर का समापन 16 मई को होगा .

# तथाकथित ईओजीएम में सीमित उपस्थिति, वैधानिकता पर उठे सवाल

- बड़ी संख्या में ओल्ड डेलियन्स ने जताई आपत्ति

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. डेली कॉलेज ओल्ड डेलियन एसोसिएशन ( ओडीए ) के नाम पर 10 मई को आयोजित तथाकथित एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी जनरल मीटिंग ( ईओजीएम ) को लेकर अब इसकी वैधानिकता और प्रतिनिधित्व पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं. बैठक की प्रक्रिया, उपस्थिति और संवैधानिक प्रावधानों को लेकर ओल्ड डेलियन समुदाय में व्यापक चर्चा और असहमति सामने आई है.**

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इंदौर में 4500 से अधिक ओल्ड डेलियन्स हैं, जबकि उक्त बैठक में वास्तविक उपस्थिति करीब 188 लोगों के आसपास रही. यह आंकड़ा मौके पर मौजूद तस्वीरों और उपस्थिति के आकलन के आधार पर सामने आया है. दूसरी ओर, 200 से अधिक ओल्ड डेलियन्स द्वारा रजिस्ट्रार कार्यालय को ईमेल भेजकर इस ईओजीएम को असंवैधानिक और प्रक्रिया-विरुद्ध बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई गई है. जानकारी के मुताबिक, ओडीए की एग्जीक्यूटिव कमेटी के लगभग 50 सदस्य भी इस बैठक में शामिल नहीं हुए. कई वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि वे किसी भी वैध और संविधान सम्मत ईओजीएम के पक्षधर हैं, लेकिन ऐसी बैठक का समर्थन नहीं कर सकते जिसे निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना बुलाया गया हो.

**क्लॉज 9 की व्याख्या को लेकर विवाद**-पूरा विवाद ओडीए संविधान की क्लॉज 9 की व्याख्या को लेकर केंद्रित है. आपत्ति जताने वाले सदस्यों का कहना है कि इस क्लॉज को चुनिंदा तरीके से प्रस्तुत कर भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है. उनके अनुसार, क्लॉज में प्रयुक्त 'एंड' शब्द यह स्पष्ट करता है कि पूरी प्रक्रिया एक संयुक्त संवैधानिक ढांचे के तहत संचालित होनी चाहिए, न कि किसी एक पदाधिकारी के एकतरफा अधिकार के रूप में.



### क्लॉज 9 के तहत इन प्रमुख शर्तों का उल्लेख बताया गया है

100 सदस्यों की लिखित रिक्वीसिशन आवश्यक होना- रिक्वीसिसन के साथ जनरल मीटिंग द्वारा निर्धारित नॉन-रिफंडेबल राशि जमा करना, तथा पूरी प्रक्रिया का संगठनात्मक और सचिवीय व्यवस्था के तहत संचालित होना, संवैधानिक विश्लेषण में यह सवाल भी उठाया गया है कि यदि किसी एक पदाधिकारी को स्वतंत्र रूप से ईओजीएम बुलाने का पूर्ण अधिकार होता, तो फिर रिक्वीसिशन, भुगतान और प्रक्रिया संबंधी शर्तों का उल्लेख संविधान में करने की आवश्यकता नहीं रहती . कई ओल्ड डेलियन्स ने इसे 'सिलेक्टिव रीडिंग' का मामला बताते हुए कहा कि क्लॉज के केवल सुविधाजनक हिस्सों को प्रचारित किया जा रहा है, जबकि पूरी संवैधानिक प्रक्रिया की अनदेखी की जा रही है .

### प्रक्रिया को लेकर भी उठे सवाल

**जारी दस्तावेजों और आपत्तियों में यह भी कहा गया है** – ओडीए एक्जीक्यूटिव कमेटी को औपचारिक रूप से विश्वास में नहीं लिया गया, जनरल मीटिंग द्वारा निर्धारित भुगतान प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, और बैठक को एकतरफा तरीके से आयोजित किया गया . इस पूरे घटनाक्रम के बाद समुदाय के कई सदस्यों ने कहा कि संस्था से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर भावनात्मक अपील, अधूरी जानकारी और सोशल मीडिया आधारित नैरेटिव के बजाय तथ्य, प्रक्रिया और संविधान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए .

**संस्था की साख को लेकर चिंता**-कई वरिष्ठ ओल्ड डेलियन्स ने चिंता जताई कि लगातार विवाद, सार्वजनिक बयानबाजी और भ्रम की स्थिति से 155 वर्ष पुरानी इस प्रतिष्ठित संस्था की छवि प्रभावित हो रही है . उनका कहना है कि डेली कॉलेज केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि एक विरासत है, और किसी भी पक्ष को व्यक्तिगत या चुनावी हितों के लिए इसकी साख को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए . समुदाय के कई जिम्मेदार सदस्यों ने मांग की है कि भविष्य में यदि कोई ईओजीएम आयोजित की जाती है, तो वह पूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया, पारदर्शिता और सभी सदस्यों की सहभागिता के साथ हो, ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी या संस्थागत जटिलता से बचा जा सके .

# खाद्य विभाग का दो आइसक्रीम फैक्ट्रियों पर छापा

- दोनों के 10 नमूने जांच हेतु लिए
- एक इकाई में निर्माण कार्य बंद- दूसरे को नोटिस जारी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आज खाद्य विभाग ने शहर में दो आइसक्रीम फैक्ट्रियों पर छापा मारा. छापे के दौरान दोनों फैक्ट्रियों पर अमानक स्तर सामग्री और खाद्य निर्माण लाइसेंस नहीं लेना पाया गया. मौके पर जंग लगड़ सांचे जब्त कर एक फैक्ट्री सील कई गई और दूसरी को नोटिस दिया गया है.

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर शहर में खाद्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की निरंतर जांच की जा रही है. आज खाद्य अधिकारियों ने सशहर की दो आइसक्रीम निर्माण इकाइयों का औचक निरीक्षण किया. दोनों आइसक्रीम फैक्ट्रियों से 10 नमूने जांच हेतु लिए है. खाद्य अधिकारियों ने पहले राजाराम नगर स्थित चैंपियंस आइसक्रीम एंड फ्रोजन फूड इकाई पर छापा मारा और जांच की. मौके पर आइसक्रीम फैक्ट्री मालिक नीलेश विश्वकर्मा मौजूद थे. जांच के दौरान आइसक्रीम बनाने की वैध लाइसेंस नहीं था. साथ ही मौके पर जंग लगे सांचे उपयोग में लिए जाना पता गया. पानी की जांच रिपोर्ट भी नहीं थी. वनीला फ्रोजन डेजर्ट, केसर पिस्ता कुल्फी, मावा एवं चॉकलेट पेस्ट के 4 नमूने जांच हेतु लिए गए. वैध निर्माण लाइसेंस मिलने तक फैक्ट्री सील कर दी गई.



### गंदगी में हो रहा था निर्माण...

इसी तरह कृष्णा पार्क कॉलोनी, छोटा बांगड़दा स्थित रुद्राक्ष आइसक्रीम फैक्ट्री की जांच की गई . मौके पर नरेश कुमावत मौजूद थे . जांच में विभिन्न फ्लेवर की आइसक्रीम का निर्माण गंदगी में करना पाया गया . मौके से आइसक्रीम के 5 एवं टूटी फरूटी का एक नमूना जांच के लिए लिया गया . फैक्ट्री मालिक कुमावत को नोटिस जारी किया जाएगा .



# पूर्व विधायक जोशी पंचतत्व में विलीन

- बड़ी संख्या में कांग्रेस भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**इंदौर. कांग्रेस के पूर्व विधायक आज पंचतत्व में विलीन हो गए. इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस भाजपा के नेता और कार्यकर्ता शवयात्रा में शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की.**

विधानसभा 3 के कांग्रेस पार्टी से तीन बार विधायक रहे अश्विन जोशी का 8 मई को हार्ट अटैक से निधन हो गया था. उनकी शवयात्रा आज सुबह मार्तंड चौक से रामबाग मुक्तिधाम पहुंची और बेटे आदित्य जोशी ने उनको मुखाग्नि दी. अश्विन के बेटे आदित्य अमेरिका थे, इसलिए अंतिम संस्कार दो दिन देरी से किया गया. पूर्व विधायक जोशी की अंतिम यात्रा में कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, केबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, विधायक उषा ठाकुर, मालिनी गौड़, गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, संजय शुक्ला, जीतू जिराती, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौकसे, जोशी के बाल सखा अनिल ओझा, पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमन बजाज सहित निगम एमआईसी सदस्य, कांग्रेस भाजपा पार्षद, नगर और शहर के पदाधिकारी, ब्लॉक और मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस भाजपा के कार्यकर्ता शामिल थे।

# डोंगरी, लुड्डी, तमेटागुल्लु, बरेदी, गणगौर, गुडूम बाजा ने जमाया रंग

- भीड़ भरा माहौल नजर आया मालवा उत्सव में, रजत जयंती वर्ष पर विशेष कार्यक्रम 11 मई को

**इंदौर.** मां से झूले में झूलने के लिए जिद करते हुए बच्चे, झाल मुरी के स्टॉल पर युवाओं की भीड़, शिल्प को देखकर आश्चर्यचकित हो जाने वाली नवयुतियां और तालियां बजाते कला प्रेमी दर्शक लोक नृत्य करते कलाकारों का उत्साह बढ़ाते कला प्रेमी. यह भीड़ भरा माहौल रविवार को दशहरा मैदान परिसर में नजर आया.

रविवार को मालवा उत्सव में कर्नाटक से आए लोक कलाकारों ने भगवान शिव की आराधना में किया जाने वाला तमेटागुल्लु नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें लगभग 12 से अधिक कलाकारों द्वारा टिमकी नुमा वाद्य यंत्र बजाकर घूम घूम कर छल-उछलकर पिरामिड बनाकर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी. गुजरात का प्रसिद्ध राजकोट से आए कलाकारों ने हुडा रास प्रस्तुत किया. लोक संस्कृति मंच के दीपक लवंगडे, विशाल गिद्वानी एवं बंटी गोयल ने बताया कि यादव समाज द्वारा किया जाने वाला श्री कृष्ण की आराधना के लिए बरेदी नृत्य सागर से आई टीम ने प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने कई तरह के पिरामिड बनाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया. गुजरात के भावनगर से आई टीम ने टिपनी प्रस्तुत किया जो एक पारंपरिक गरबा है. निमाड़ का प्रसिद्ध नृत्य गणगौर भी प्रस्तुत हुआ. विभिन्न पिरामिड बनाकर कौड़ियों वाली ड्रेस पहनकर गुडूम बजाते हुए डिंडोरी जिले के आदिवासी कलाकारों ने गुडूम बाजा नृत्य आदिवासी अंचल की बानगी प्रस्तुत कर गया. लोक संस्कृति मंच के संयोजक शंकर लालवानी ने बताया कि पंजाब से आए कलाकारों ने ऊर्जा युक्त लुडी नृत्य में से सब का मन मोह लिया वहीं जम्मू कश्मीर से आए कलाकारों ने डोंगरी जो की शादी के समय किया जाता है प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने चूड़ीदार पजामा कुर्ता और डोंगरी पहनी हुई थी.





### नरसी अवतार की कथा की दी प्रस्तुति

रितेश पिपलिया एवं जुगल जोशी ने बताया कि कर्नाटक के कलाकार ने शिव की आराधना में किया जाने वाला पारंपरिक लोक नृत्य प्रस्तुत किया स्थानीय कलाकारों में नरसी अवतार की कथा आयाम कथक अकैडमी के द्वारा प्रस्तुत की गई . वहीं आशा अग्रवाल समूह द्वारा फागुन के रंग श्याम के संग प्रस्तुत किया गया . संजना जोशी के समूह द्वारा मेघ मल्हार मानसून का उत्सव कत्थक के माध्यम से खूबसूरत बन पड़ा था . इसके अलावा प्रतिमा झालानी समूह एवं स्मृति आदित्य समूह ने भी प्रस्तुति दी . इस अवसर पर सतीश शर्मा, कंचन गिद्वानी, ज्योति तोमर, मुद्रा शास्त्री, रितेश पाटनी आदि मौजूद थे . नितिन तापड़िया ने बताया कि 11 मई को गुडुंमबाजा गरबा, तमेटागुल्लु, वीजुकंसाले, ढोल ताशा पार्टी, नौरता एवं विशेष प्रस्तुतियां वह स्थानीय प्रस्तुतियां होगी .

# रसूखदारों ने महिला की जमीन पर किया कब्जा

- अवैध शराब बेचने का आरोप
- जिम्मेदारों की भूमिका पर उठ रहे सवाल

**महू. ग्राम भाटखेड़ी स्थित बालाजी धाम कॉलोनी में जमीन विवाद का मामला अब गंभीर रूप लेता जा रहा है. पीड़ित महिला वंदना सूर्यवंशी ने आरोप लगाया है कि उनके स्वामित्व वाले भूखंड पर राज वर्मा और कमलेश वर्मा द्वारा दबंगई दिखाते हुए लगातार अवैध कब्जे की कोशिश की जा रही है.**

इतना ही नहीं, आरोपियों पर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने और अब भूखंड पर जालीनुमा नेट लगाकर कब्जा जमाने के भी आरोप लगाए गए हैं. पीड़िता वंदना सूर्यवंशी का कहना है कि उनके पास भूखंड क्रमांक ई-4 और ई-5 से संबंधित वैध रजिस्ट्री और दस्तावेज मौजूद हैं. इसके बावजूद आरोपी उन्हें प्लॉट पर निर्माण कार्य नहीं करने दे रहे हैं. महिला ने आरोप लगाया कि जब भी वे अपने प्लॉट पर काम शुरू कराने पहुंचती हैं, तब आरोपी वहां पहुंचकर विवाद करते हैं और धमकाते हैं.

### क्षेत्र में अवैध शराब की गतिविधियां जारी

स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ क्षेत्र में पहले से भी कई शिकायतें चर्चा में रही हैं . रहवासियों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब बिक्री जैसी गतिविधियों की भी चर्चा होती रही है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई . अब जमीन विवाद के बाद लोगों में और ज्यादा नाराजगी दिखाई दे रही है . वंदना सूर्यवंशी ने प्रशासन को दिए आवेदन में साफ तौर पर लिखा है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ा विवाद हो सकता है . उनका आरोप है कि शिकायतों के बावजूद स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं .

# स्वाद प्रेमियों ने कतार में लगकर लिया आम का स्वाद

- मैंगो जत्रा का हुआ समापन, तीन दिनों में लगभग 75 हजार दर्जन से अधिक बिके आम
- अगले साल फिर मिलने के वादे के साथ बिदा हुई मैंगो जत्रा

**इंदौर।** ग्रामीण हाट बाजार ढक्कन वाला कुआं, साउथ तुकोगंज में 3 दिनों से चल रहे मराठी सोशल ग्रुप के सालाना आयोजन मैंगो जत्रा का रविवार को समापन हो गया. इन तीन दिनों में तकरीबन 75 हजार दर्जन से अधिक हापुस आम स्वाद के शौकीनों ने खूब खरीदे. ,हर बार की तरह ही इस बार भी मैंगो जत्रा को गजब का प्रतिसाद मिला. रविवार को स्वादप्रेमियों की भीड़ खूब उमड़ी. किसानों के चेहरे पर खुशी अलग ही झलकी.

संस्था के सुधीर दांडेकर और राजेश शाह ने बताया कि इन्दौर की स्वाद प्रेमी जनता ने जिओ टेग की की विश्वसनीयता पर बढ़ चढ़कर प्रतिसाद दिया. तीसरे दिन भी रत्नागिरी और देवगढ़ के आम खरीदने के लिए स्वाद प्रेमी सुबह 7 बजे से ही मैंगो जत्रा में आम खरीदने पहुच गए. इन तीन दिनों में हजारों स्वाद के शौकीनों ने मैंगो जत्रा में 75 हजार दर्जन आम इंदौरियो ने खरीदे, वही लगभग 5100 से अधिक आम तो कार्यक्रम स्थल पर बने विशेष स्टॉल पर ही स्वाद प्रेमियों ने खूब चखे. करीब इतनी ही आम की गुठलियां एकत्रित हुआ है. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संस्था द्वारा गुठलियों को वन विभाग और हार्टिकल्चर विभाग को सौपा और गिला कचरा निगम की खाद बनाने हेतु दिया जाएगा. कई स्वाद प्रेमी आम की गुठलियों को अपने साथ वृक्षारोपण करने के लिए ले गए. रविवार होने से हजारों स्वाद प्रेमी उमड़े. मेंगो जत्रा में विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद सुरेश टाकलकर, पार्षद गजानंद गावड़े पधारे उन्होंने हापुस आम का स्वाद लिया. अगले साल फिर जत्रा में मिलने के वादे के साथ मैंगो जत्रा ने विदाई ली।



### आम के उत्पाद भी बिके

तृप्ति महाजन और सुमेधा बावकर ने बताया कि मैंगो जत्रा में आम से बने उत्पादों की बिक्री भी खूब हुई . जिनमें आम से बना पल्प, आम का मावा, आम का पापड़, आचार,अमचूर, मुरब्बा, कोकम, शरबत आदि की भी खूब बिक्री हुई। आयोजन स्थल पर आम खाने के लिए विशेष स्टॉल लगाया था जिस पर भी स्वाद प्रेमियों ने आम खूब खरीदे . स्वाद प्रेमियों ने फूड स्टॉल पर भी खूब जायको का स्वाद लिया . स्वादप्रेमी आरजू ने कहा कि जत्रा में वडा पाव, खोपरा पेटिस का स्वाद भी लाजवाब रहा, मैंगो मस्तानी ने भी गर्मी में राहत दी .

एक नजर में | फिक्की फ्लो इंदौर ने किया आयोजन

# भावपूर्ण संगीतमय संध्या के साथ मनाया मातृ दिवस

**इंदौर. फिक्की फ्लो इंदौर चैप्टर ने मदर्स डे के अवसर पर एक भावपूर्ण संगीतमय संध्या का आयोजन किया. यह कार्यक्रम सुरांजलि द्वारा प्रस्तुत किया गया, जो राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार से सम्मानित एक ऑल-वुमन बैंड है.**

यह आयोजन फ्लो नेशनल्स के सेलिब्रेशन पिलर के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य पॉवर टू एम्पॉवर की भावना को आगे बढ़ाना था. महिलाओं द्वारा संचालित इस विशेष बैंड के माध्यम से महिला प्रतिभाओं और कला को प्रोत्साहित किया गया. फ्लो इंदौर की चेयरपर्सन वंदना गुजराती ने बताया कि फ्लो का उद्देश्य महिलाओं को ऐसा मंच देना है जहाँ वे अपनी छुपी हुई प्रतिभाओं को कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुत कर सकें. कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, मातृत्व और परिवार के भावों से जुड़ी मधुर हिंदी प्रस्तुतियां दी गई. संगीत, नृत्य और भावनाओं से भरपूर इस शाम ने सभी सदस्यों और उनके परिवारों को भावुक और आनंदित किया.

कार्यक्रम को ज़ीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग और पर्यावरण के प्रति जागरूक व्यवस्थाएँ रखी गईं. यह फ्लो की सस्टेनेबिलिटी सोच को दर्शाता है.




### मातृत्व से प्रेरित पेंटिंग्स बनाईं

विजुअल आर्ट्स इनीशिएटिव के अंतर्गत फ्लो सदस्यों ने दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लेकर मदरहुड विषय पर सुंदर पेंटिंग्स तैयार कीं . इसमें 40 से अधिक कलाकारों ने मातृत्व विषय से प्रेरित कलाकृतियाँ बनाईं . इसका उद्देश्य सदस्यों की छुपी हुई कलात्मक प्रतिभाओं को मंच देना था .